---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रशासनिक व्यवस्था की समीक्षा की। अधिकारियों को जवाबदेही से कार्य करने का दिया निर्देश।

02. विधान परिषद उपचुनाव के लिए भाजपा के सूर्य कुमार शर्मा उर्फ अरविंद शर्मा ने दाखिल किया नामांकन।

03. राज्य में अंचलाधिकारियों और राजस्व सेवा के अफसरों की हड़ताल समाप्त। चार मई से लौटेंगे काम पर।

04. और, मौसम विभाग ने अरवल, औरंगाबाद, भोजपुर, समेत कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ राज्य में प्रशासनिक व्यवस्था की स्थिति को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी डीएम और एसपी के साथ सीधा संवाद किया। कार्याशाला के रूप में आयोजित इस महत्त्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से प्रशासनिक निगरानी बढ़ाने और जवाबदेही के साथ कार्य करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये है। बैठक में अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग सुधार और कानून व्यवस्था में जिलावार प्रदर्शन की समीक्षा की गई। सभी प्रमंडलीय आयुक्त, क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यशाला में शामिल हुए।

---

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा है कि राज्य में कानून का शासन स्थापित है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अपराध के विरूद्ध सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति जारी है। भागलपुर के सुल्तानगंज और सीवान में अपराधियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए श्री झा ने कहा अपराधियों को अब अपराध छोड़ना पड़ेगा।

———बाइट———

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा है कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अपराध नियंत्रण के लिए कड़े निर्णय ले रहे है।

———बाइट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता सैयद शहनवाज हुसैन ने कहा है कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अपराधियों को नरक में भेजने का काम करेंगे।

———बाइट———

---

विधान परिषद की एक सीट के लिए हो रहे उपचुनाव के लिए भाजपा के सूर्य कुमार शर्मा उर्फ अरविंद शर्मा ने आज अपना नामांकन दाखिल किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव और विजय कुमार चौधरी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत एनडीए के कई नेता मौजूद थे। नामांकन के अंतिम दिन विपक्षी दलो की ओर से कोई नाम घोषित नहीं किये जाने के कारण अरविंद शर्मा का निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। यह सीट पूर्व मंत्री मंगल पांडेय के विधायक निर्वाचित होने के कारण रिक्त हो गई थी।

---

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना चार मई को होगी। इससे पहले एग्जिट पोल को लेकर बिहार में राजनीतिक बयानबाजी का दौर जारी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पश्चिम बंगाल के प्रभारी मंगल पांडेय ने कहा कि एग्जिट पोल में साफ संकेत मिल गये है कि बंगाल की जनता ने विकास के लिए बीजेपी को वोट किया है।

———बाइट———

जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि पश्चिम बंगाल से इस बार भाजपा के लिए अच्छी खबर आने जा रही है।

---बाइट---

लोजपा रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा कि चार राज्यों में एनडीए की सरकार बनने जा रही है।

---बाइट---

---

राज्य में अंचलाधिकारियो और राजस्व सेवा से जुड़े अफसरों की पचपन दिनों से जारी हड़ताल आज समाप्त हो गई। पिछले नौ मार्च से अपने विभिन्न मांगों को लेकर यह सभी सामुहिक अवकाश पर चले गए थे। बिहार संयुक्त राजस्व सेवा महासंघ ने राज्य सरकार से आज हुई वार्ता के बाद हड़ताल समाप्त करने की घोषणा कर दी। संघ ने विज्ञप्ति जारी कर चार मई से योगदान देने की बात कहीं है। गौरतलब है कि तात्कालीन विभागीय मंत्री सह विजय कुमार सिन्हा के सैलरी ब्रेक, निलंबन और अनुशासनात्मक कार्रवाई के सख्त निर्देशों के बाद भी सीओ और आरओ हड़ताल खत्म करने पर राजी नहीं हुए थे।

---

कोसी और गंडक परियोजनाओं के प्रभावी संचालन को लेकर भारत और नेपाल की संयुक्त समिति की ग्यारहवीं बैठक आज काठमांडू में शुरू हो गई है। यह बैठक कल तक चलेगी। साथ ही दोनों देशों से होकर बहने वाली नदियों में बाढ़ पूर्वानुमान को लेकर दो मई को संयुक्त बैठक होगी। इस बैठक में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल सहित अन्य अधिकारी शामिल होंगे।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटर और मैट्रिक की कंपार्टमेंटल परीक्षा दो मई से शुरू हो रही है। मैट्रिक की कंपार्टमेंटल परीक्षा छह मई तक तथा इंटर की परीक्षा ग्यारह मई तक दो पालियों में संचालित होगी। कदाचारमुक्त परीक्षा के आयोजन के लिए विभिन्न जिलों में परीक्षा केन्द्रों पर तैयारी पूरी कर ली गई है। हमारे रोहतास संवाददाता ने बताया है कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए आज समाहरणालय

स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित केन्द्राध्यक्षों की बैठक में आवश्यक निर्देश दिये गए है।

———————————————————————

आज प्रदेश के विभिन्न भागों में तेज हवा के साथ बारिश दर्ज की गई है। हमारे शेखपुरा संवाददाता ने बताया है कि जिले के विभिन्न भागों में आज दोपहर बाद तेज हवा के साथ मध्यम स्तर की बारिश हुई है। आंधी के कारण कई क्षेत्रों में पेड़ गिर गये और विद्यूत आपूर्ति भी बाधित हुई है। इधर, मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज पटना, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर, बेगूसराय समेत पच्चीस जिलों में बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की आशंका है। विभाग के अनुसार प्रदेश में चार मई तक बारिश की परिस्थितियां बनी रहेगी।

———बाइट———

———————————————————————

मौसम विभाग ने अरवल, औरंगाबाद, भोजपुर, गया, जहानाबाद, नालंदा, नवादा और पटना जिले में कुछ स्थानों पर तेज आंधी के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है।

———————————————————————

रेलवे ने वैष्णो देवी मंदिर और अमरनाथ यात्रा करने वाले तीर्थ यात्रियों, पर्यटकों और व्यापारियों को सुविधा देने के लिए श्रीनगर—कटरा वंदे भारत ट्रेन को जम्मू तवी तक विस्तार दिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज जम्मू तवी रेलवे स्टेशन से इस विस्तारित सेवा को रवाना किया। विस्तारित मार्ग पर नियमित सेवाएं शनिवार से शुरू होंगी। श्री वैष्णव ने कहा कि बीस कोच की इस ट्रेन से अधिक से अधिक यात्रियों को सुविधा होगी।

———बाइट———

आज वंदे भारत को जम्मू से स्टार्ट करेंगे जो माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक साल पहले कटरा से स्टार्ट की थी। कटरा से श्रीनगर सर्विस थी आज उसको जम्मू से श्रीनगर करेंगे। इसमें आठ कोच थे पहले और उसको एक्सटेंड करके 20 कोच की ट्रेन बनाई गई है।

हमारे संवाददाता ने श्रीनगर–जम्मू वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल जून में कटरादृश्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। तब इस वन्दे भारत ट्रेन में आठ डिब्बे थे। इस रूट पर यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए इस ट्रेन का विस्तार जम्मू तक कर दिया गया है और कोच की संख्या आठ से बढ़ाकर 20 कर दी गई है। । यह ट्रेन आम लोगों के लिए दो मई से शुरू होगी जिससे तीर्थयात्रियों, पर्यटकों, व्यापारियों के साथदृसाथ स्थानीय लोगों को भी लाभ मिलेगा। जम्मू तवी से यह ट्रेन सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर चलेगी और श्री माता वैष्णो देवी कटरा, रियासी, बनिहाल स्टेशनों पर रुकते हुए सुबह 11 बजकर 10 मिनट में श्रीनगर पहुंचेगी। वहीं, वापसी में यह ट्रेन श्रीनगर से दोपहर दो बजे प्रस्थान करेगी और शाम 6 बजकर 50 मिनट पर जम्मू तवी पहुंचेगी। इस यात्रा में कुल चार घंटे पचास मिनट का समय लगेगा। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, जम्मू।

———————————————

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कल बोधगया स्थित महाबोधी मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना की जायेगी। महाबोधी मंदिर समिति ने इसके लिए विशेष तैयारी की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि यह पवित्र दिन भगवान बुद्ध के पृथ्वी पर आगमन, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण की ऐतिहासिक घटनाओं का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से भगवान बुद्ध के आदर्शों को आत्मसात करने और एक शांतिपूर्ण, समावेशी तथा न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लेने का आग्रह किया। इधर, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन ने बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर बिहारवासियों और देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभाकामना दी है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि युद्ध नहीं बुद्ध की भावना ही बिहार की सांस्कृतिक विरासत का सार है।

———————————————

पश्चिम चंपारण की विशेष पॉक्सो अदालत ने आज नाबालिग से यौन शोषण मामले में आरोपी को बीस साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने छियासठ हजार रूपये का अर्थ दंड भी लगाया है। विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार गुप्ता ने ग्यारह माह के भीतर मामले की सुनवाई पूरी की। उन्होंने पीड़िता को तीन लाख रूपये प्रतिकर के रूप में दिये जाने का आदेश दिया है।

———————————————

जमुई के सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक रामेश्वर पासवान का कल निधन हो गयी। उनका पार्थिव शरीर आज बिहार विधानसभा परिसर में लाया गया। उनके पार्थिव शरीर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार और प्रभारी सचिव संजय कुमार सिंह ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार समेत बिहार विधानसभा के सदस्य और अन्य वरीय पदाधिकारी को ने भी दिवंगत विधायक को श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

अररिया की उप विकास आयुक्त रोजी कुमारी ने लोगों से स्व–गणना प्रक्रिया में बढ़–चढ कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने आज पोर्टल पर जाकर स्वयं की स्व–गणना के लिए रजिस्ट्रेशन कराया।

---

सहरसा के भेड़धरी स्थित नारायण चिकित्या महाविद्यालय परिसर में शंकरा नेत्र चिकित्सालय की शाखा का शुभारंभ किया गया। कांची कामकोटी पीठ के शंकराचार्य बिजेन्द्र सरस्वती और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने संयुक्त रूप से इसका उद्‌घाटन किया।

---

मुंगेर जिले में बाल श्रम उन्मूलन जागरूकता अभियान के लिए जागरूकता रथ को रवाना किया गया। जिला जज आलोक गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया।

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रशासनिक व्यवस्था की समीक्षा की। अधिकारियों को जवाबदेही से कार्य करने का दिया निर्देश।
02. विधान परिषद उपचुनाव के लिए भाजपा के सूर्य कुमार शर्मा उर्फ अरविंद शर्मा ने दाखिल किया नामांकन।

03. राज्य में अंचलाधिकारियों और राजस्व सेवा के अफसरों की हड़ताल समाप्त। चार मई से लौटेंगे काम पर।

04. और, मौसम विभाग ने अरवल, औरंगाबाद, भोजपुर, समेत कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

समाप्त